# मेरा गोगापीर बड़ा महान | By Divyashakti

दीवानी पंजाब की मैं चंडीगढ़ से आती
हर साल गोगा मेडी दर्शन करने जाती
मेरा गोगा वीर बड़ा ही महान
ये बाबा मेरी लाज रखता
बड़ा प्यारा लागे मेडी राजस्थान
ये बाबा सबकी झोली भरता

भादो का महीना नौमी जब जब आये रे
गोगा जी के दर्शन बिना रहा नहीं जाए रे
इन्हे पूजता है सारा ही जहान
ये बाबा सबकी लाज रखता
बिना मांगे मिले सब वरदान
ये बाबा सबकी लाज रखता
ये बाबा सबकी झोली भरता
बड़ा प्यारा लागे मेडी राजस्थान
ये बाबा सबकी झोली भरता

गोगा जी के द्वार आऊं ज्योत जलाऊं रे
चन्दन लेके जाऊं वहां मल कर आऊं रे
करे गोगा जी मेरा कल्याण
ये बाबा मेरी लाज रखता
गोगा बाबा मेरा बड़ा बलवान
दुष्टो का सारा दल डरता
बड़ा प्यारा लागे मेडी राजस्थान
ये बाबा सबकी झोली भरता

जिसे विश्वास उसकी पूरी करे आस रे
अपने भक्तों के दिल में करते निवास रे
इनकी पदम् नाग पहचान
ये गोरख जी का ध्यान करता
लगे प्यारा बड़ा मेडी धाम
ये बाबा सबकी झोली भरता
ये बाबा सबकी लाज रखता
बड़ा प्यारा लागे मेडी राजस्थान
ये बाबा सबकी झोली भरता

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%aa%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-divyashakti/